Nai Dunia (Indore), 09th August 2022, Page - 02

# दीक्षा समारोह में 475 विद्यार्थियों को देंगे डिग्री

इंदौर। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर इस बार बड़े स्तर पर अपना 10वां दीक्षा समारोह आयोजित करने जा रहा है। 13 अगस्त को होने वाले समारोह में मुख्य अतिथि परमाणु ऊर्जा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डा. अनिल काकोडकर होंगे। कोरोना महामारी के कारण संस्थान पिछले दो वर्ष से आनलाइन और आफलाइन माध्यम से कार्यक्रम आयोजित कर रहा था। 2021 में संस्थान ने परिसर में केवल 200 विद्यार्थियों और माता-पिता को ही आमंत्रित किया था। इस बार सभी विद्यार्थियों को आमंत्रित किया गया है। इस वर्ष बीटेक के 269 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की जाएगी। साथ ही एमएससी के 88, एमटेक के 64 और पीएचडी के 54 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की जाएगी। प्रतिभावान विद्यार्थियों को पांच अवार्ड भी दिए जाएंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आइआइटी इंदौर के शासी मंडल के अध्यक्ष प्रो. दीपक बी. फाटक करेंगे।

संस्थान ने इस बार बाहर से आने वाले विद्यार्थियों और अतिथियों को ठहरने के लिए विशेष व्यवस्था की है। आसपास के विभिन्न होटलों की जानकारी तक संस्थान ने एकत्रित की है। इसमें होटलों के नाम, पते, संपर्क नंबर के साथ ही गूगल लोकेशन तक जारी की गई है। कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर 2.30 बजे से होगी। शुरुआत में निदेशक प्रो. सुहास जोशी अतिथियों का स्वागत करेंगे और भाषण देंगे। इसके बाद शासी मंडल के अध्यक्ष और मुख्य अतिथि विद्यार्थियों को संबोधित करेंगे। इसके बाद पदक और उपाधियां प्रदान की जाएंगी।